रिपोर्ट गुरु-पूर्णिमा

दिनांक 20/7/24 को बाल भारती पब्लिक, स्कूल नीलबड़ में गुरु-पूर्णिमा का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इस अवसर पर निबंध लेखन तथा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विशेष अतिथि के रूप में अंग्रेजी भाषा के व्याख्याता माननीय डॉ० राजेंद्र प्रसाद सक्सेना जी की उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया । स्कूल की प्राचार्या श्रीमती दीपा अगरवाल , उपप्राचार्या डॉ० सकीना नायडू तथा विशेष अतिथि डॉ० राजेन्द्र प्रसाद सक्सेना जी ने माल्यार्पण कर माँ सरस्वती जी की पूजा-अर्चना की तथा क्च्चों ने सरस्वती वंदना का गायन किया। स्कूल की प्रार्थना गायी गई तथा नन्हे-मुन्ने बच्चों ने श्लोक-गायन ,कविता-गायन और सुविचार प्रस्तुत किया । बच्चों की प्रस्तुति में सभी का मन मोह लिया। प्राचार्या तथा उप-प्राचार्या महोदया ने अतिथि का श्रीफल तथा पुष्पगुच्छ से सम्मान किया। कार्यक्रम में शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। अतिथि महोदय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें कक्षा में सवाल अवश्य पूछने चाहिए और अपनी जिज्ञासा को शांत करना चाहिए। शिक्षिका श्रीमती गरिमा उपाध्याय ने गुरु पूर्णिमा के इस शुभ अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा पर अपने विचारों को साझा किया। प्रार्थना-सभा में बच्चों की नृत्य प्रातुति ने सभी का मन प्रफुल्लता से भर दिया। सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।